>

Title: Need to undertake immediate repair of National Highway Nos. 7 and 75 passing through Satna Parliamentary constituency in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 8 4708 हजार किमी. है । ये सभी गड्ढो में तब्दील हो गए हैं । मरम्मत करने वाली एजेंसियों ने लगातार केन्द्र सरकार से पैसों की मांग की है, किंतु एक पैसा भी नहीं दिया गया एवं जनहित याचिका में जबलपुर हाईकोर्ट ने भी समय सीमा निर्धारित कर सड़क के निर्माण हेतु कड़े निर्देश दिए हैं । किंतु, केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

मैं मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के अंतर्गत निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 एवं 75 सहित प्रदेश के सभी खराब राष्ट्रीय राजमार्गों को तत्काल ठीक कराया जाए । सड़कें चलने लायक नहीं है । इसीलिए करोड़ों का व्यापार रोज प्रभावित हो रहा है तथा सड़कों के किनारे बसे गांव में रहने वाले लोगों को उड़ती हुई धूल के कारण गंभीर बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है ।